छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

"हितवाद भवन", अंवति विहार मुख्यालय – रायपुर

दूरभाष : 4066213, फैक्स : 4066214

क्रमांक / परिवहन निविदा / 2015–16 / 1622 रायपुर, दिनांक 23/6/15

//अल्पकालीन परिवहन निविदा सूचना//

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा वर्ष 2015–16 के लिये निम्नलिखित परिवहन कार्य हेतु प्रतिष्ठित परिवहनकर्ताओं से निविदायें कार्पोरेशन के निर्धारित संबंधित परिवहन निविदा दस्तावेज में (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश / शर्तें आदि वर्णित है) आमंत्रित की जाती है:–

1. लंबी दूरी परिवहन कार्य (एल.आर.टी सामान्य)

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरण किये जाने वाले खाद्यान्न / शक्कर / नमक / दलहन / तेल आदि का विभिन्न बेस डिपो / क्रय केन्द्रों से संबद्ध विभिन्न केन्द्रों तक परिवहन कार्य हेतु।

बेस डिपो का नाम:– आरंग, बोरई (25, 50, 75, 100 एवं 125 को छोड़कर) गरियाबंद, बलौदाबाजार, जशपुर, अंबिकापुर, कुसमी, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, कोरबा, कटघोरा, दंतेवाडा।

2 द्वार प्रदाय परिवहन कार्य (डी.पी.टी.) :–

राज्य के विकासखंडों में ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर व शहरी क्षेत्र में स्थित उचित मूल्य दुकानों तक खाद्यान्न / शक्कर / नमक / अन्य सामग्री का परिवहन कार्य निगम के निर्धारित बेस डिपो / प्रदाय केन्द्र से करने हेतु।

बेस डिपो का नाम:– मानपुर, चन्द्रपुर से डभरा, मुगेंली, प्रतापपुर, बगीचा, मुनगापदर, एंव मर्दापाल।

3 हम्माली एवं परिवहन कार्य (एच.एण्ड.टी) :–

रेल्वे रैक प्वाइंट से संग्रहण केन्द्रों तक शक्कर / खाद्यान्न (गेहूं, धान, दलहन, तिलहन) / नमक आदि वैगन से उतारने / रखने / लादने एवं उनके संग्रहण / वितरण केन्द्रों के गोदामों तक परिवहन कार्य हेतु।

रैक पांइट का नाम:– नैला एवं विश्रामपुर।

- उपरोक्त वर्णित परिवहन कार्य (एल.आर.टी सामान्य / द्वार प्रदाय एवं एच.एण्ड.टी.) एवं निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी अर्थात् अमानत / जमानत / समस्त नियम एवं शर्तों की जानकारी संबंधित जिला कार्यालय में उपलब्ध निविदा दस्तावेज से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर उपलब्ध नही हैं। निविदा सूचना छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट www.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।
- निविदाकार / फर्म तथा प्रतिनिधि, निविदा भरने एवं कार्य दौरान राईस मिलर न हो, निविदा भरने से पूर्व सुनिश्चित होवें।
- निर्धारित निविदा दस्तावेज कार्पोरेशन के सभी जिला कार्यालयों से दिनांक **29.06.2015** तक कार्यालयीन दिवस में कार्य के समय में एल.आर.टी, डी.पी.टी एवं एच.एण्ड.टी निविदा दस्तावेज प्रति रू. 2000.00 एवं वाणिज्य कर अतिरिक्त जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।
- भरे हुए निविदा दस्तावेज (फार्म) संबंधित जिले के जिला कार्यालय में दिनांक **30.06.2015** को अपरान्ह 1.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 1.30 बजे निगम के जिला कार्यालयों में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये मान्य अथवा अमान्य किये जाने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक को रहेगा।

महाप्रबंधक

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

"हितवाद भवन", अंवति विहार मुख्यालय – रायपुर
दूरभाष : 4066213, फैक्स : 4066214

कमांक / परिवहन / 2015–16 / 1622 रायपुर, दिनांक 23/6/15

// परिवहन निविदा तृतीय सूचना //

निगम के प्रथम एंव द्वितीय परिवहन निविदा उपरांत शेष बचे बेस डिपो में परिवहन कार्य हेतु प्रतिष्ठित परिवहनकर्ताओं से वर्ष 2015–16 के लिये कार्पोरेशन के निर्धारित संबंधित परिवहन निविदा दस्तावेज (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश / शर्तें आदि वर्णित है) में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र जिला कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं, एंव निविदा संबंधी विस्तृत विवरण छ.ग. शासन के वेबसाईट www.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. निविदा क्रय करने की तिथि :– दिनांक 29.06.2015 तक
2. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.06.2015 अपरान्ह 1:00 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.06.2015 अपरान्ह 1:30 बजे

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये मान्य अथवा अमान्य किये जाने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक को रहेगा।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

महाप्रबंधक